हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 5 जुलाई , 2025

11 स्वामी विवेकानंद ने देश और दुनिया को...



12 सीवरेज ब्लॉकेज व बरसाती पानी बना आफत...






## खबर संक्षेप

### सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है। डीसी शर्मा ने बताया कि नामांकन व अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र, विषय में विशिष्ट व अन्य उपलब्धियों सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख प्रस्तुत किया जाए। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि पद्म पुरस्कार, पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है।

### दुकानदार की करंट लगने से मौत

**बहल।** कस्बे के राजगढ़ रोड पर एक टाइल विक्रेता दुकानदार की बिजली करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब दुकानदार टाइल से भरे ट्रक को पीछे करवा रहा था तब उसका हाथ बिजली के पिल्लर बाक्स को छू गया। पिल्लर बॉक्स में दौड़ रहे करंट लगने से दुकानदार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का लोहारू सीएचसी में पोस्टमार्टम करवाया।
जानकारी के अनुसार, कस्बे के राजगढ़ रोड पर डाडमा निवासी धर्मचंद शर्मा की श्री अलख टाइल्स के नाम से टाइल्स की दुकान है। दुकान का काम धर्मचंद शर्मा का छोटा बेटा प्रदीप शर्मा देखरेख कर रहा था।

### पीड़ित लोगों को मिलेगी दिव्यांग पेंशनः डीसी

**चरखी दादरी।** सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र लोगों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है, ये बात उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताई। राज्य सरकार के इस निर्णय की जानकारी देते हुए डीसी ने बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा हरियाणा का निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो और आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। डीसी शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा गत 3 मार्च को दिव्यांग पेंशन के लिए 21 बीमारियों को शामिल किया है। जिसमें चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, मांसपेशीय दुर्विकास, अंधापन, कम दृष्टि, श्रवण दोष, वाणी व भाषा दिव्यांगता आदि शामिल हैं।

### लोहारू में भाकियू की बैठक आज

**लोहारू।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले पांच जुलाई को लाल बहादुर शास्त्री पार्क में आवश्यक बैठक होगी, जिसकी अध्यक्षता भाकियू के खंड प्रधान रविंद्र कस्वां करेंगे। भाकियू के जिला प्रधान मेवासिंह आर्य ने बताया कि बैठक में किसानों की समस्याओं, बिजली ट्यूबवेल कनेक्शन, घरेलू बिजली बिलों में निगम द्वारा जबरन थोंपे जा रहे अतिरिक्त करभार तथा वर्ष 2023 का कपास बीमा क्लेम पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बैठक में किसानों द्वारा आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

---

ग्रामीणों ने जिला स्तर पर आंदोलन चलाने का किया ऐलान

# दुर्गंध और धुएं से परेशान खानकवासी उपायुक्त कार्यालय पर काटा बवाल

- पुराने टॉयर जलाने की अवैध फैक्ट्री बंद करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों को रोकती पुलिस व रिहायशी क्षेत्र में अवैध फैक्ट्री बंद करवाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए।

पुराने टॉयर जलाने की अवैध फैक्ट्री बंद करवाने की मांग को लेकर गांव खानक के ग्रामीणों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर अवैध फैक्ट्रियों को बंद नहीं करवाया गया तो वे पहले उपमंडल स्तर पर, फिर जिला स्तर पर आंदोलन चलाया जाएगा।

इस मामले को लेकर सीएम नायाब सैनी से भी मुलाकात की जाएगी। चूंकि टॉयर जलाए जाने से इलाके में जबरदस्त पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है। जिसका सीधा असर ग्रामीणों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। शुक्रवार को गांव खानक के अनेक ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने क्षेत्र में चल रही पुराने टॉयर जलाने की फैक्ट्री संचालित हो रही है। जो कि रिहायशी बस्ती में स्थापित है। इन फैक्ट्रियों में रोजाना हजारों टॉयर जलाए जा रहे है। टॉयर जलाने से इलाके में जबरदस्त प्रदूषण फैल रहा है। टॉयरों के जलने से धुआं ही नहीं ,बल्कि उससे निकलने वाली राख भी उनके घरों तक पहुंच रही है। धुआं से सबसे ज्यादा श्वास के रोगियों को परेशानी हो रही है। अनेक लोग दमा बीमारी से पीड़ित है। जिस वक्त इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला धूंआ निकलता है। उस वक्त श्वास रोग से पीड़ित लोगों का बाहर निकलना बंद हो जाता है। उक्त इलाके में कई वर्षों से ये फैक्ट्री संचालित हो रही है। पिछले ढाई साल से इन फैक्ट्रियों में ज्यादा टॉयरों को जलाया जा रहा है। जिससे खानक क्षेत्र में जबरदस्त पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। लोगों ने बताया कि फैक्ट्री में पुराने टॉयर जलाकर उनसे तेल निकाला जा रहा है। जो कि विदेशों में मोटे मुनाफे पर बेचा जा रहा है।

#### पूर्व सीएम मनोहर लाल से भी शिकायत की थी

ग्रामीणों ने बताया कि विगत में पूर्व सीएम मनोहर लाल के जन संवाद कार्यक्रम में भी उक्त शिकायत की थी। उस वक्त पूर्व सीएम ने एक कमेटी का गठन किया और जांच भी बैठाई थी। कमेटी एक दो बार फैक्ट्रियों में गई थी,लेकिन न जाने किस वजह से फैक्ट्री चलती रही। उस वाक्ये को भी करीब दो साल का समय बीत गया,लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। वे इस मामले को लेकर पदूषण बोर्ड के अधिकारियों से मुलाकात करते है तो उनको जल्द ही कार्रवाई करवाए जाने का आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। प्रशासन के ढिले रवैये की वजह से उनका जीना हराम हो गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे पहले उपमंडल स्तर पर और उसके बाद जिला मुख्यालय पर अनिश्चिकालीन आंदोलन चलाने पर मजबूर होंगे।

---



**भिवानी।** परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते चेयरमैन।

# प्रदेशभर के परीक्षा केंद्रों पर नौ नकलचियों को दबोचा

- सैकेण्डरी की एक दिवसीय परीक्षा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर में शुक्रवार को संचालित करवाई गई सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमैंट विषय की एक दिवसीय परीक्षा शांतिपूर्वक व नकल रहित संचालित हुई। प्रदेशभर में कुछ परीक्षा केन्द्रों पर नकल के कुल 07 मामले दर्ज किये।

बोर्ड अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि उनके स्वयं के उडऩदस्ते द्वारा जिला-नारनौल के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा केन्द्र गुरू गोबिन्द वमावि, नारनौल-13 (बी-1) पर अनुचित साधन प्रयोग के 04 मामले दर्ज किए। उन्होंने बताया कि बोर्ड उपाध्यक्ष श्री सतीश कुमार के उडऩदस्ते द्वारा जिला-जीन्द के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि., जीन्द-05 अनुचित साधन प्रयोग का 01 केस दर्ज किया। बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल के उडऩदस्ते द्वारा जिला-भिवानी के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., भिवानी-07 (बी-1) पर अनुचित साधन प्रयोग का 01 केस दर्ज किया। उन्होंने बताया कि जिला प्रश्न-पत्र उडऩदस्ता, नूँह द्वारा अनुचित साथ प्रयोग को 01 मामला दर्ज किया गया, इसके अतिरिक्त गठित अन्य जिला प्रश्न-पत्र उडऩदस्तों द्वारा प्रदेशभर में परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

---

# सांसद किरण आज से करेंगी विस क्षेत्र का दौरा

*करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का शुभारंभ राज्यसभा सांसद किरण चौधरी हल्के के तीन दिवसीय जनसंपर्क अभियान के दौरान करेंगी, समस्याएं भी सुनेंगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी तोशाम विधानसभा क्षेत्र में 5 से 7 जुलाई तक तोशाम विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न गांवों को दौरा करेंगी। इस दौरान वे विभिन्न गांवों में करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगी। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यसभा सांसद किरण चौधरी पांच जुलाई को सुबह 10.30 बजे गांव दिनोद में एक करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से गांव के पानी की निकासी के लिए दुलासर जोहड़ से एचडीपी पाइप लाईन डालने के कार्य का उद्घाटन करेंगी। राज्यसभा सांसद गांव दिनोद में ही 75 लाख रूपए की लागत से राजपुरा माइनर पर ओपन एक्वाडेक निर्माण कार्य का उद्घाटन करेंगी। सांसद किरण चौधरी पांच जुलाई को 11.30 बजे गांव भारीवास, 12 बजे झूली में, 12.30 बजे कावा में, 1.00 बजे मंढ़ान में मंढ़ान से सिढ़ान रोड़ का शिलान्यास करेंगी। राज्यसभा सांसद 1.30 बजे ढ़ाणी कतवार-प्रथम, 1.45 बजे ढ़ाणी-कतवार द्वितीय, 2 बजे कतवार में, बुशान में 3 बजे, साहलेवाला में 3.30 बजे ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगी। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी सात जुलाई को 10 बजे गांव चैनपुरा में, 10.30 बजे आसलवास दुबिधा में, 11 बजे आसवास महरेटा में, 12 बजे लहलाना में ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगी।

#### गांव लोहानी का दौरा कल

सांसद किरण चौधरी छह जुलाई को 9.15 बजे गांव लोहानी में चौ. बंसीलाल कैनाल का रिमोडिलिंग के कार्य का उद्घाटन करेंगी और लोहानी में ही चौ. बंसीलाल कैनाल के पीएच नंबर 2के मरम्मत कार्य की आधारशिला रखकर 10 बजे लोहानी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगी। इसी प्रकार से 11 बजे गांव लेघा हेतवान में, 11.30 बजे शिमलीवास में, 12 बजे मनसरवास में, 1 बजे कैरू में, 1.30 बजे खापडवास में, 2 बजे इंदीवाली में, 2.30 बजे बिजलानावास, 3 बजे लालावास में, 3.30 बजे पोखरवास में, 4 बजे जुई कलां में ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगी और विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगी।

---

# धनाना की बहू दर्शना घणघस ने वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली दर्शना घणघस।

अमेरिका में 26 जून से 6 जुलाई तक चल रही वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में धनाना निवासी चेयरमैन दलीप सिंह घणघस की पौत्रवधू दर्शना घणघस पत्नी संदीप घणघस ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए गोल्ड मेडल जीतकर नारी सशक्तिकरण की मिशाल पेश की है।

दर्शना ने जीत का श्रेय अपने परिजनों व कोच को देते हुए कहा कि शादी के बाद भी महिला को परिजनों का सहयोग मिले तो वह आसमान की बुलंदियों को छू सकती है। उन्होंने कहा कि शादी के बाद उसके ससुराल वाले पूरा सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने जो सफलता हासिल की है वह सब उनके सहयोग, आशीर्वाद व मार्गदर्शन का परिणाम है। चेयरमैन दलीप सिंह ने दर्शना घणघस को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे हमारी बहु नहीं बेटी है, हमें अपनी बेटी पर पूरा गर्व है। उन्होंने बताया कि दर्शना घणघस के गोल्ड मेडल जीतने से धनाना में खुशी का माहौल है तथा बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर कोच भुपेन्द्र, जोगेंद्र धनाना, जितेन्द्र धनाना, वीरेन्द्र धनाना, डॉ. फूलसिंह धनाना, विजय पचगांवा, रघबीर ठेकेदार, अनिल बागनवाला, द्रोणाचार्य अवार्डी कोच जगदीश, ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. जोगिंद्र सिंह, कोच वृषभान आदि ने बधाई दी।

---

# फौजी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

- गांव रोढा निवासी महिला ने दर्ज करवाई थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस की एविटी स्टाफ ईशरवाल की टीम ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव रोढा निवासी महिला ने थाना बहल पुलिस को चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में एविटी स्टाफ ईशरवाल के सहायक उप निरीक्षक रविंद्र कुमार ने गांव रोढा में घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । आरोपियों की पहचान सचिन पुत्र राजकुमार निवासी रोढा व अजय पुत्र दिलीप सिंह निवासी रोढा जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों से कुल 4,700 बरामद किए गए हैं।

---

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने वाले दबोचे

- आरोपियों ने ट्रेडिंग के नाम पर ठग लिए 17 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चानन मल निवासी गुरेरा जिला भिवानी ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जुलाई 2024 में उनके मोबाइल पर फोन आया था जो फोन करने वाले ने उनको ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट करने के बारे में बताया था। वेबसाइट पर ट्रेडिंग खाता में इन्वेस्टमेंट के लाभ के बारे में बता कर आरोपियों ने 17 लाख रुपए इन्वेस्ट करवाकर रुपए की धोखाधड़ी की गई है। इसी अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान जेठवा पुत्र अनिरुद्ध निवासी जामनगर गुजरात, बाबू पुत्र ओघर भाई निवासी जामनगर गुजरात व विजय पुत्र चंद्र निवासी जामनगर गुजरात के रूप में हुई है। तीनों ही आरोपी ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के लिए अन्य आरोपियों को अपना बैंक खाता खुलवाकर 15,000 रुपए में बैंक खाते को बेच दिया करते थे। आरोपियों को पेश न्यायालय में किया गया।

---

बीपीएल को आवंटित किए गए थे रिहायशी प्लाट, पात्र परिवारों में रोष

# नहीं पहुंचे अफसर, सौ-सौ गज के प्लाटों पर नहीं मिल पाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा




गांव डोहका मौजी में बीपीएल प्लाट नहीं मिलने पर रोष जताते ग्रामीण

डोहका मौजी में शुक्रवार को चयनित प्लाटों का कब्जा देने आई राजस्व व बीडीपीओ कार्यालय चरखी दादरी की टीम बैरंग लौट गई, जिस पर कब्जा लेने के लिए आए परिवारों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गांव डोहका मौजी में 56परिवारों को सरकारी नियमों व शर्तें पूरी होने के तहत आवंटित पात्र परिवारों को 16 साल बाद भी आशियाना बनाने के लिए सौ-सौ गज भूमि नहीं मिल पाई है।

शुक्रवार को राजस्व विभाग के गिरदावर राकेश कालियावास, पटवारी देवेंद्र सिंह, मनोज कुमार, मंजीत सिंह आदि ने पहुंच कर प्लाटधारक ग्रामीणों को एकत्रित कर उनको सौ सौ गज के प्लाटों पर कब्जा दिलवाने का भरोसा दिया, लेकिन बाद में उच्चाधिकारी नहीं पहुंचे। जिस वजह से प्लाटों पर कब्जा दिलाए जाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। करीब तीन से चार घंटे तक लोगों ने इंतजार किया। कई बार मोबाइल फोन पर सम्पर्क भी साधा,लेकिन बात नहीं बनी। आला अफसरों के न पहुंचने पर प्लाटों पर कब्जा दिलाने वाली टीम बिना कार्य पूरा किए बैरंग लौट गई। जिससे ग्रामीणों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।

#### इन्होंने की कब्जा दिलवाने की मांग

*पीड़ित संतोष, केला, दर्शना, रिंकू, संतरा, छन्नो, सोनम, पुजा, निर्मला, बाला, शीला, सुमित, शर्मिला, नसीब, राहुल, राजेश मंजीत, अमित धानक, नेकीराम, कर्णसिंह, दीपक शर्मा, प्रवीण, राजेश, अमरजीत, पुर्व सरपंच सुबेसिंह, रामकिशन, राजेंद्र चौकीदार, महेंद्र, राजल, अमित, अंकित, संदीप, इंद्रावती आदि ग्रामीणों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बीस साल पहले उनको रिहायशी प्लाट उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया था,लेकिन अभी तक एक कदम भी नहीं चल पाई है। जिससे सरकार की मंशा पर संदेह होने लगा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से उनको सौ सौ गज के प्लाटों पर कब्जा दिलाए जाने की मांग की। ताकि उनके अपना घर बनाए जाने का सपना पूरा हो सके।*



## बिग बी ने शेयर की शानदार तस्वीर केबीसी के सफर को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने केबीसी के 25 साल पूरे होने के सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास और शानदार तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 3 जुलाई 2025 को, जब मैं इस साल के केबीसी सीजन की तैयारी कर रहा था, मुझे केबीसी टीम ने बताया - 3 जुलाई 2000 को केबीसी का पहला प्रसारण हुआ था...25 साल, केबीसी का जीवन। अमिताभ बच्चन की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलेब्स ने जमकर कमेंट किए। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'क्या विरासत है सर...अद्वितीय', रोनित रॉय ने लिखा, 'वाह! इस उपलब्धि की ऊंचाई को शब्दों में बयां करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। बधाई हो सर', सौरभ अहेर ने लिखा, महानायक। एक फैन ने लिखा, 'कौन बनेगा करोड़पति के 25 शानदार साल!

लाइफ Style

# कोंकणा

## मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था

एजेंसी ⏭ मुंबई

कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, 'वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है।

मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो 'मेनस्ट्रीम हीरोइन' वाला सपना कभी मेरा नहीं था।' अपने 14 साल के बेटे को लेकर कोंकणा बताती हैं कि वो मेरी ज्यादातर फिल्में देख नहीं पाता, क्योंकि वो थोड़ी गंभीर होती हैं। अभी वो मार्वल, अवेंजर्स जैसी फिल्में देखता है। लेकिन अब मैं उसे एक इंसान के रूप में जान रही हूं। उसकी अपनी पसंद, सोच, संवेदनशीलता उभर रही है, और एक मां के लिए यह देखना बहुत ही खास अनुभव है। बेटे के एक्टिंग में आने पर कोंकणा का कहना है कि बिल्कुल अगर वो करना चाहे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन हां, पहले पढ़ाई तो पूरी करनी ही होगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म 'द रेपिस्ट' में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज 'किलिंग' भी कर रही हैं। साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था।



हॉलीवुड मसाला



## एफ 1 ने बॉक्स ऑफिस पर बनाई पकड़

**मुंबई।** इस हफ्ते भारत में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसे में 'एफ1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। जहां भारत में इन दिनों बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन कम हो गया है, वहीं हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर 5.5 करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली इस फिल्म ने पहले रविवार को सबसे ज्यादा 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया। बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 3.48 करोड़ रुपए रहा। गुरुवार को फिल्म ने अच्छा कलेक्शन करते हुए 2.51 करोड़ रुपएका कारोबार किया है।




## प्रियंका ने हॉलीवुड फिल्म में दिखाया जबरदस्त एक्शन

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पहचान चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी नई हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट'को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म भारत में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने 4 जुलाई को अपने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका दमदार एक्शन देखने को मिला, जिसमें उन्हें एक्शन करते देखा जा रहा है। प्रियंका चोपड़ा के इस वीडियो देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सीन में वह जोर से दरवाजे पर पैर मारती हैं जिससे वो टूट जाता है। वहीं दूसरे सीन में वह बंदूक लेकर जबरदस्त एक्शन करती दिखती हैं। शूट के दौरान थकने के बाद भी वह फिर से एनर्जी के साथ एक्टिंग करती नजर आती हैं। वहीं, आगे ऐसा लगता है कि वह सीन करते हुए थकने वाली है, लेकिन अचानक फिर से शूट करने के लिए तैयार हो जाती हैं।



## असली खुशी दूसरों को मौका देने में


**मुंबई।** पद्मश्री कैलाश खेर का मानना है कि असली खुशी दूसरों को मौका देने में है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि 'नई उड़ान'एक खास संगीत मंच है, जिसे उन्होंने नए गायक-कलाकारों को मौका देने के लिए शुरू किया है। हर साल होने वाले इस इवेंट में देशभर से नए टैलेंट को चुना जाता है और उन्हें बड़ा मंच दिया जाता है। भारत की फिल्म इंडस्ट्री में भले ही तमाम कलाकार हों, लेकिन कोई किसी का हाथ नहीं थामता। जब कोई खुद स्थापित हो जाता है, तो दूसरों की चिंता नहीं करता। हमें लगा, यह रवैया बदलना चाहिए। हमने ठाना कि हम हर साल अपने जन्मदिन पर एक नई परंपरा निभाएंगे - केक नहीं काटेंगे, बल्कि हुनर का दीप जलाएंगे। इस मंच का मकसद है नए टैलेंट को ढूंढना, उन्हें तराशना, संवारना और भव्य रूप से लॉन्च करना।



## किसान की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऐसे किसान की वीडियो वायरल हुई जिसके पास खेत जोतने के लिए बैल नहीं थे। इसलिए उस किसान ने खुद से ही खेत जोतना शुरू कर दिया। सोनू सूद ने इस किसान को बैल देने का ऐलान किया है। लातूर जिले के हडोल्टी गांव के एक किसान का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में किसान खुद से खेत जोत रहा है। सोनू सूद ने जब यह वीडियो देखा तो उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'आप नंबर भेजिए हम बैल भेजते हैं।' यही नहीं एक यूजर ने कहा कि बैल की जगह पर ट्रैक्टर भेज दो। इस पर सोनू सूद ने कहा 'हमारे इस किसान को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता, इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।'

टीवी मसाला





## एकता ने शेयर किया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्में और टीवी सीरियल्स की मशहूर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता भी नजर आ रही हैं। वह एक-एक करके घर के सभी सदस्यों से गले मिलती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहत भी दिख रही है। एकता ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, धन्यवाद-इसलिए जब हमने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए तो मैंने एक सुपर फिल्मी एंट्री की।' एकता का टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है, खासतौर पर महिला दर्शकों के बीच इस शो की काफी चर्चा रही है। यह एक हिंदी धारावाहिक है, जो 3 जुलाई 2000 से 6 नवंबर 2008 तक स्टार प्लस पर प्रसारित हुआ था। इस शो का निर्माण शोभा कपूर और एकता कपूर ने अपने बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था।

## लाफ्टर शेफ 2 में कृष्णा ने एल्विश को किया ट्रोल

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव का कंट्रोवर्सी से पुराना नाता है। इस इंफ्लुएंसर पर एक पुलिस केस भी हो चुका है। इसी केस की याद एल्विश यादव को कृष्णा अभिषेक याद दिलाते दिखे। साथ ही इस दिक्कत से एल्विश बाहर कैसे आ सकते हैं? इस बात का समाधान पाने की कोशिश करते हुए कृष्णा नजर आए। हाल ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो 'लाफ्टर शेफ 2' का साझा किया गया है। इसमें कृष्णा अभिषेक एल्विश की चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। इस स्पेशल एपिसोड में कई सारी पंडित आए हैं, इनके लिए शो के कंटेस्टेंट्स को खाना बनाना है। इसी बीच एल्विश के केस के बारे में कृष्णा, एक पंडित जी से पूछते हैं, हमारा लड़का काफी परेशान है, इसका केस कब क्लीयर होगा। आगे वीडियो में पंडित जी कहते हैं, जब इनके घर में पत्नी आएगी तो सारी दिक्कतें दूर होंगी। इस पर कृष्णा और एल्विश हंसने लगते हैं।



## काजोल-पृथ्वीराज की सरजमीं का ट्रेलर रिलीज





**मुंबई।** 'मेरे लिए सरजमीं की सलामती से बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं।' इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर सरजमीं का ट्रेलर शुक्रवार को जारी हुआ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर की काफी चर्चा रही थी। अब एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इब्राहिम अली खान एकदम अलग और दमदार अंदाज में देखने को मिलेंगे।

ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम अली खान पीछे से दिखाए जाते हैं। वो सेना की वर्दी पहने और हाथ में रिवॉल्वर लिए बर्फ पर चल रहे हैं। अचानक वो थक कर वहीं बैठ जाते हैं। इसके साथ ही एक वॉइस ओवर चल रहा है जिसमें कहा जाता है 'तुम्हें पता है कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो तब तक नहीं मिटते हैं, जब तक उनकी याद नहीं मिट जाती है।' 2 मिनट 13 सेकंड के इस ट्रेलर में भरपूर एक्शन देखने को मिलता है। ट्रेलर से पता चलता है कि इब्राहिम अली खान फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन के बेटे हरमन का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म एक परिवार की कहानी है। जहां एक आर्मी ऑफिसर का बेटा किन्हीं परिस्थितियों में आतंकवादी बन जाता है। पिता आर्मी में और बेटा आतंकवादी, ऐसे में मां की ममता अपने बेटे से खत्म नहीं होती। फिल्म का प्लॉट काफी घिसा-पिटा मालूम होता है। ट्रेलर में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान के बीच जबरदस्त फेस ऑफ देखने को मिला है। जिससे उम्मीद है कि फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म के लिए इब्राहिम ने अपने फिजिक पर काफी मेहनत की है, जो उनके लुक में दिखता है। ट्रेलर में इब्राहिम के दो लुक सामने आए हैं, एक शेव्ड और एक बियर्ड वाला। ट्रेलर में काजोल एक बेटे की ममता में डूबी मां के किरदार में हैं।

## दर्शकों को पसंद आई अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। क्योंकि, साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ मेट्रो' आज भी दर्शकों को पसंद है और वो लंबे समय से एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब 18 साल बाद अंततः अनुराग बसु फिर अपनी अगली मेट्रो लेकर आए हैं 'मेट्रो इन दिनों'। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिल रही है। अनुराग बसु की फिल्मों को लेकर ऐसा माना जाता है कि वो आम लोगों की कहानी को बताते हैं। क्रिटिक्स तो 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर भी ऐसा ही बता रही है। एक यूजर ने लिखा, 'एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव। एक ऐसी फिल्म जो आपके साथ रहती है। खासकर शहरी दर्शक, गहराई से जुड़ेंगे।' एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'हिंदी सिनेमा में संगीत को कथा में शामिल करने में अनुराग बसु से बेहतर कोई नहीं है।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेट्रो...इन दिनों एक दिल को छू लेने वाली और बेहतरीन तरीके से शूट की गई फिल्म है। प्रीतम का म्यूजिक वाकई अच्छा है और फिल्म में एक अच्छा एहसास जोड़ता है। अभिनय हर तरफ से दमदार है। कुछ हिस्से धीमे हैं, लेकिन कुल मिलाकर, यह एक खूबसूरत फिल्म है।'एक यूजर ने फिल्म को इमोशंस से भरी यात्रा बताते हुए मेट्रो इन दिनों की तारीफ की। साथ ही यूजर ने फिल्म को साढ़े तीन स्टार भी दिए। फिल्म को लेकर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फिल्म को औसत बताया। यूजर ने कहा कि फिल्म में कुछ भी अलग या खास नहीं है।

### सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को दी नई दिशा

# एडवोकेट जनरल का बेटा बना सिनेमा की दुनिया का बादशाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदगी में कभी-कभी ऐसे पल आते हैं जो हमें तोड़कर रख देते हैं और सपनों को राख में बदल देते हैं। लेकिन, वही राख कुछ लोगों के लिए उड़ने के नए पंख बन जाती है। बी. एन. सरकार की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल है। वह सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, बल्कि सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को नई दिशा दी। साल 1940 में एक आग ने उनका पूरा न्यू थिएटर्स स्टूडियो, रिकॉर्डिंग्स और वर्षों की मेहनत को जला दिया। ऐसे समय में अगर कोई आम इंसान होता तो शायद टूट जाता, लेकिन बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी।

उन्होंने उस राख से फिर अपने सपनों को जिंदा किया, नए कलाकारों को मंच दिया और भारतीय सिनेमा को फिर से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। बी. एन. सरकार का पूरा नाम बीरेंद्रनाथ सरकार था। उनका जन्म 5 जुलाई 1901 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। उनके पिता, सर निरेंद्रनाथ सरकार, बंगाल के पहले एडवोकेट जनरल थे, उनके परदादा पीरी चरण सरकार ने अंग्रेजी भाषा की पहली भारतीय टेक्स्टबुक लिखी थी।



### टिकट के लिए लंबी लाइन देख आया बिजनेस का आइडिया

बी. एन. सरकार ने कोलकाता के प्रसिद्ध हिंदू स्कूल से पढ़ाई करने के बाद लंदन यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विदेश से लौटने के बाद उन्होंने कोलकाता में बतौर इंजीनियर कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन वह अपना बिजनेस करना चाहते थे। एक दिन उन्होंने सिनेमा हॉल के बाहर टिकट के लिए लंबी लाइन देखी तो उन्होंने इसे अपने व्यवसाय के तौर पर शुरू करने का फैसला लिया, जहां लोग बिना देखे ही टिकट खरीदने को तैयार थे। यहीं से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा।

### सुभाष चंद्र बोस ने लॉन्च किया था सिनेमा हॉल

उन्होंने पहले चित्रा सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इसके बाद 1931 में उन्होंने न्यू थिएटर्स की स्थापना की, जो आने वाले दशकों में भारतीय सिनेमा की ताकत बना। शुरुआती कुछ फिल्में असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। देवदास, चंडीदास और भाग्य चक्र जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें सिनेमा की दुनिया का बादशाह बना दिया। उन्होंने केवल फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि तकनीक, कला और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम का आंदोलन खड़ा किया।

### फुटबॉल मैच देखते हुए मिली थी बुरी न्यूज

बी. एन. सरकार का न्यू थिएटर्स तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक योगदान और रचनात्मकता के तौर पर शिखर पर था, लेकिन 9 अगस्त 1940 को एक भीषण आग ने सबकुछ स्वाहा कर दिया। बी. एन. सरकार की इस सपनों की फैक्ट्री को राख में बदल दिया। जिस वक्त आग लगी, उस समय वे मोहन बागान और आर्यन क्लब के बीच फुटबॉल मैच देख रहे थे।इस दौरान किसी ने आकर उनके कान में स्टूडियो में आग लगने की खबर सुनाई। खबर सुनते ही वे तुरंत स्टूडियो की ओर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पूरा प्रोडक्शन जलकर खाक हो चुका था। दशकों की मेहनत तबाह हो चुकी थी।

### स्वाहा हुआ सपना, फिर भी नहीं मानी हार

इस भयानक क्षति के बाद भी बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा स्टूडियो खड़ा किया, युवा प्रतिभाओं को मौका दिया और बिमल रॉय जैसे उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया। 1944 में उदयेर पथे जैसी संवेदनशील और क्रांतिकारी फिल्म से उन्होंने एक नई शुरुआत की। वह 1951 में फिल्म इंक्वायरी कमेटी के सदस्य बने, जिसकी सिफारिशों से फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का गठन हुआ। 28 नवंबर 1980 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

## खबर संक्षेप

### गरीब मजदूर के मुंह का निवाला छिना: ऋषिपाल

**बाढड़ा।** जजपा जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने हरियाणा में बिजली रेट बढ़ोतरी के बाद अब गरीब मजदूर के राशन में मिलने वाले सरसों तेल का रेट बढ़ाकर गरीब मजदूर के मुह का निवाला छिन्ना है। प्रदेश सरकार जनविरोधी फैसले लेकर जनता को जोर का झटका धीरे से देने का प्रयास कर रही है। ग्रामीण दौरे के दौरान ऋषिपाल उमरवास ने बताया कि प्रदेश में जन वितरण प्रणाली के तहत पात्र राशनकार्ड धारकों को दो लीटर सरसों का तेल प्रति राशन कार्ड 40 रूपये में दिया जाता था। अब सरकार ने उसे सौ रूपये कर दिया है। जुलाई में सौ रूपये प्रति दो लीटर के हिसाब से डिपो धारक को तेल वितरण करना होगा।

### बाइक भिड़ंत में युवक घायल, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव बोहतवाला के निकट दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में एक बाइक सवार घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव नगूरां निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार हो कर गांव की तरफ जा रहा था।

### घर में घुस मारपीट तथा तोड़फोड़ करने पर केस

**जींद।** गांव सिंसर में कहासुनी के चलते घर में घुस कर मारपीट करने, तोड़फोड़ करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सिंसर निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पडोसी सूबे परिवार के साथ कहासुनी हो गई थी।

### अवैध असलहा के साथ दो युवक दबोचे

**जींद।** जिला पुलिस ने दो स्थानों से दो युवकों को काबू कर कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि हुडा सैक्टर में एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

## स्वामी विवेकानंद के जीवन प्रसंग को लेकर संत समाज को बड़ा गर्व: वेदनाथ

# स्वामी विवेकानंद ने देश और दुनिया को संस्कृति का पाठ पढ़ाया:भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा एक बेटी एक पेड़ मिशन व हर घर हरियाली थीम 2025 के तहत देश और दुनिया में संस्कृति की को पहचान दिलाने वाले महान स्वामी विवेकानंद का स्मृति दिवस मनाया। इस अवसर पर जोगीवाला शिव मंदिर धाम में औषधीय, फल एवं पुष्प युक्त पौधरोपण किया। इस अवसर पर विशेष सानिध्य महंत वेदनाथ महाराज का रहा। इस अवसर पर एक बेटी एक पेड़ मिशन व हर घर हरियाली थीम 2025 की ब्रांड एंबेसडर आरोही व नव्या भारद्वाज ने अपने जन्मोत्सव अभियान के तहत पौधरोपण किया और स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वच्छ पर्यावरण की कामना की।

महंत वेदनाथ महाराज ने कहा कि संत महात्मा किसी भी जाति धर्म से नहीं होते, वे हमेशा समाज, राष्ट्रहित एवं विश्व कल्याण की विचारधारा को लेकर इस धरा पर अपना यश फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष चार जुलाई को स्वामी विवेकानंद का स्मृति दिवस भारत के दर्शन और संस्कृति को समर्पित मनाया जाता है।



भिवानी। जोगीवाला शिव मंदिर में पौधरोपण करते महंत वेदनाथ, साथ में नव्या व आरोही।

उन्होंने कहा कि स्वामीजी को योग एवं वेदांत की अवधारणाओं को पश्चिमी दुनिया तक ले जाने का श्रेय प्राप्त है। सन 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में उन्होंने दुनिया का ध्यान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की ओर आकर्षित किया था। हमें संत समाज को स्वामी विवेकानंद के जीवन वृतांत पर बड़ा गर्व है कि उन्होंने संत समाज को जीवन जीने की धारा दी है।

इस अवसर पर महंत वेदनाथ महाराज के साथ में गोपालनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश और दुनिया को संस्कृति का पाठ पढ़ाया है और भारतीय संस्कृति को दुनिया में पहचान दिलाने का काम किया है।



भिवानी। डीईओ निर्मल दहिया को ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के लोग।

### स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर संगठनों व अधिवक्ताओं ने डीईओ को किया सम्मानित

**भिवानी।** स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को भिवानी में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं अधिवक्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर डीईओ ने भिवानी जिले में शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार लाने का संकल्प दोहराया, जिसमें विशेष रूप से सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी को सम्मानित करते हुए ब्राह्मण खाप-12 के प्रधान सुरेश कौशिक, अधिवक्ता रवि मेहरा व मनजीत लांग्यान ने कहा कि सम्मान समारोह स्वामी विवेकानंद के आदर्शों एवं शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए आयोजित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि डीईओ निर्मल दहिया जिले में शैक्षिक मानकों को ऊपर उठाने के लिए अथक परिश्रम करेंगी तथा शिक्षा क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत का प्रतीक बनेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने भिवानी जिला में शिक्षा के भविष्य के लिए अपनी योजनाओं को सांझा किया। उन्होंने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य भिवानी जिले के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि से आते हों। इस अवसर पर अधिवक्ता मालिक, अधिवक्ता गौतम सिंह, विजय, दीपक, वसीम, आशु दहिया व कपिल आदि मौजूद रहे।





भिवानी। बैठक के दौरान नारेबाजी करते अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो:हरिभूमि

## इंद्रसिंह लांबा बने किसान सभा के ग्रामीण कमेटी के प्रधान

- किसान सभा ने तोशाम ब्लॉक की ग्रामीण इकाई का गठन
- राष्ट्रव्यापी हड़ताल व 16 को अनिश्चितकालीन पड़ाव में किसान भारी संख्या में होंगे शामिल: जगरोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव पिंजोखरा के किसानों की बैठक शुक्रवार को दरियासिंह नेहरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का प्रमुख एजेंडा पिंजोखरा गांव की किसान सभा की ग्रामीण कमेटी का गठन करना था। पंचायत में सर्वसम्मति से ग्रामीण कमेटी का गठन किया, जिसमें इंद्रसिंह लांबा को ग्रामीण कमेटी का प्रधान, संजय कुमार को सचिव तथा सत्यवीर सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। सुनीता व कमलेश को क्रमशः उपप्रधान और सहसचिव चुना गया।

इस मौके पर तहसील कमेटी की ओर से प्रधान कर्णसिंह जैनावास व मुकेश साहलेवाला उपस्थित रहे।

मास्टर जगरोशन ने बताया कि सरकार द्वारा दो जून को जारी की गई पावरग्रिड क्षतिपूर्ति पॉलिसी से किसान सहमत नहीं है। इस पॉलिसी के तहत वे ऑफ रूट 154 फीट बनता है, जिसका मुआवजा बाजार भाव का केवल 30 प्रतिशत ही दिया जाएगा, जिसको बढ़ाकर 100 प्रतिशत किया जाए। किसान के खेत ये लाइन जा रही है, उस खेत में काम करने वाले सभी सदस्यों का इंश्योरेंस किया जाए। किसानों के लिए डीएपी खाद की किल्लत को दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में किसान भी शामिल होंगे तथा 16 जुलाई को लोहारू में एसडीएम कार्यालय पर किए जाने वाले अनिश्चितकालीन पड़ाव में तोशाम व अन्य ब्लाकों से भी किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर चंद्रभान लांबा, भूप सिंह, बलवान शर्मा, सुरेश कुमार, महेंद्र सिंह लांबा, धर्मवीर लंबा, सूरजभान व पतराम उपस्थित रहे।

*13 जुलाई को आयोजित होगा समारोह*

## समारोह को लेकर तोशाम भाजपा मंडल कार्यकारिणी की बैठक हुई

- उपस्थित लोगों को समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

13 जुलाई को भिवानी में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय दक्ष प्रजापति समारोह को लेकर शुक्रवार को तोशाम भाजपा मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले की तरफ से प्रदीप प्रजापति और राजेश जांगड़ा ने विशेष तौर पर भाग लिया वहीं पर बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विक्की महता ने की। इस दौरान जिले की टीम ने तोशाम स्थित चिराग कूलर फैक्ट्री में पहुंचकर उपस्थित लोगों को प्रदेश स्तरीय दक्ष प्रजापति समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर महामंत्री शैंकी पोपली, महामंत्री राधेश्याम कलाकार, सचिन, रामवीर जांगड़ा, उपाध्यक्ष विजय तंवर, अनूप कुमार, संजय कुमार सागवान, सुनीता धरान, शीला देवी तोशाम, पवन कुमार तोशाम, राजेश कुमार, सानिया, सत्यजीत प्रजापति, संगीता समार, सरोज अग्रवाल, बेबी पिंजोखरा, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजेश कुमार, कार्यक्रम संयोजक प्रदीप घुसकानी, मंडल अध्यक्ष विक्की महता, राजेश जांगड़ा, दिनेश वर्मा, मुकेश, भुवनेश महता, पवन शर्मा, संरपच सुरेश, कृष्ण सागवान आदि मौजूद रहे।

*लोहारू में निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी*

## हरे रामा, हरे कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा के जयघोष से गूंजयमान हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

शहर में अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई तथा यात्रा के दौरान शहर में लोगों को प्रसाद वितरित किया।

रथयात्रा में लोगों ने भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा और हरे रामा, हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा के जयघोष से शहर गुंजायमान हो गया।



भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल इलाके के श्रद्धालु।

रथयात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ की सुमित्रा चौधरी के तत्वावधान में निकाली रथयात्रा में दक्षिण भारत से आए अनेक श्रद्धालुओं के अलावा लोहारू इलाके के अनेक लोगों ने हिस्सा लिया और महिलाओं ने शहर में कलश यात्रा भी निकाली। समाजसेविका सुमित्रा ने बताया कि शहर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली तथा रथयात्रा को लेकर इलाके के लोगों को काफी उत्साह देखने को मिला। रथयात्रा को एसडीएम मनोज दलाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथयात्रा रेलवे स्टेशन रोड, सब्जीमंडी, शहीद भगत सिंह चौक, अनाजमंडी से गुजरी।

## साधु राम ने विवाह की 15वीं वर्षगांठ पर लगाए 15 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

- साधु राम का यह कार्य न सिर्फ एक सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा है

युवा स्वच्छता जनसेवा समिति के कोषाध्यक्ष साधुराम की 15वीं विवाह वर्षगांठ एक मिसाल बनी। क्योंकि अपने जीवन के इस खास अवसर पर साधुराम ने केवल उत्सव नहीं मनाया, बल्कि समाज को एक अमूल्य संदेश भी दिया।

उन्होंने 15 पौधे लगाकर न केवल पर्यावरण प्रेम दिखाया, बल्कि उन सभी पेड़ों की देखभाल का संकल्प भी लिया। साधुराम के द्वारा अपनी विवाह वर्षगांठ के अवसर पर पर्यावरण हित में किया गया यह कार्य न सिर्फ एक सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा है। जिससे कि साधुराम का यह कदम दिखाता है कि सच्चा उत्सव वही है, जो समाज और प्रकृति दोनों के लिए उपयोगी हो। युवा स्वच्छता एवं जनसेवा समिति ने साधुराम के कार्य की सराहना करते हुए सभी से आह्वान किया कि सभी को हर खुशी के मौके को पर्यावरण सेवा के साथ जोड़ते हुए पौधारोपण अवश्य करना चाहिए।

*निमंत्रण अभियान ने पकड़ी तेजी*

## महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलने से ही होता समाज का भला : मामन चंद

- महापुरुष किसी एक जाति या धर्म के नहीं होते: संजय चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

13 जुलाई को भिवानी के मेला ग्राऊंड में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय श्री दक्ष प्रजापति जयंती समारोह के लिए निमंत्रण अभियान ने तेजी पकड़ ली है। आयोजन कमेटी के सदस्य रोजाना विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को इस भव्य समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे है। इसी कड़ी में आयोजन कमेटी के सदस्यों पूर्व चेयरमैन मामनचंद, सतपाल ठेकेदार, सतबीर बेरला, संजय चौहान, मांगे राम प्रधान रमेश टांक सहित अन्य जिला के विभिन्न गांवों में निमंत्रण अभियान चलाया तथा अधिक से अधिक संख्या में लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया। इस मौके पर मामन चेयरमैन व संजय चौहान ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति या धर्म के नहीं होते। उन्होंने कहा कि महापुरुषों ने समाज के सभी वर्गों को एकजुटता से आगे बढ़ने व सशक्त बनने का आह्वान किया था, ताकि वे मजबूती से अपने हक की आवाज उठा सकें। ऐसे में आज प्रत्येक जन को चाहिए कि वे महापुरूषों के दिखाए मार्ग पर चलते तथा समाज व राष्ट्र की एकजुटता की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि महापुरूषों की स्मृति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम एकजुटता का पाठ पढ़ाते है। ऐसे में प्रत्येक जन से आह्वान करते हुए प्रदेश स्तरीय श्री दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में पहुंचें। उन्होंने कहा कि यह समारोह न केवल प्रजापति समाज के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि अन्य सभी वर्गों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत साबित होगा।



भिवानी। जयंती समारोह की सफलता के लिए जनसम्पर्क अभियान चलाते हुए।

## पिकअप चोरी करने के मामले में छठा आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

थाना बहल पुलिस ने पिकअप गाड़ी चोरी करने के मामले में छठे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मीरसिंह निवासी गांव सुरपुरा ने थाना बहल पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने घर के सामने उनकी पिकअप गाड़ी को खड़ा किया था जो रात्रि को चोर उनके घर के सामने खड़ी पिकअप गाड़ी को चोरी करके ले गए थे जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बहल में दर्ज किया था। थाना बहल के मुख्य सिपाही देवेंद्र सिंह ने घर के सामने खड़ी पिकअप गाड़ी चोरी करने के मामले में छठे आरोपी को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान आयुब पुत्र सुभान निवासी गवारका थाना तावडू जिला नूंह के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को पेश न्यायालय में कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया था। पुलिस टीम के द्वारा अभियोग में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है आरोपी आयुब को आज पेश माननीय न्यायालय में किया गया जहां न्यायालय ने आरोपी को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं।

*समारोह की तैयारियां जोरों पर*

## श्रीदक्ष प्रजापति महासंघ ने पूर्व सांसद बिश्नोई को दिया बतौर मुख्यातिथि पहुंचने का निमंत्रण

### महाराजा श्रीदक्ष प्रजापति जयंती के उपलक्ष्य में होगा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

टिबड़ेवाल सभागार में महाराजा श्रीदक्ष प्रजापति जयंती के उपलक्ष्य में 10 जुलाई को श्रीदक्ष प्रजापति महासंघ हरियाणा द्वारा आयोजित करवाए जाने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां जोरों पर है। समारोह को सफल बनाने व भव्य रूप देने के लिए महासंघ पदाधिकारियों द्वारा निमंत्रण अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इसी कड़ी में श्रीदक्ष प्रजापति महासंघ के प्रधान सुरेश प्रजापति के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारी व सदस्य पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई से मिले तथा उन्हें समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया।

इस दौरान बिश्नोई ने सहर्ष निमंत्रण स्वीकारते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि वे हमेशा से समाज के हरवर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। उन्होंने महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती पर आयोजित हो रहे प्रतिभा सम्मान समारोह की सराहना की और इसे युवाओं को प्रेरित करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रजापति ने कुलदीप बिश्नोई का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके आगमन से समारोह की गरिमा और बढ़ जाएगी।



पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई को ज्ञापन सौंपते श्रीदक्ष प्रजापति महासंघ के पदाधिकारी व सदस्य।

उन्होंने बताया कि महाराजा श्रीदक्ष प्रजापति की जयंती के उपलक्ष्य में 10 जुलाई को होने वाले सम्मान समारोह में 10वी, 12वीं कक्षा व स्नातक में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों, पदक विजेता खिलाड़ियों तथा किसी भी क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं व अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नरेश सिंहमार, संजय तंवर, अमरनाथ धनाना, बीरसिंह, सुरेंद्र प्रजापति, विशाल प्रजापति मौजूद रहे।

**समस्या** कई बार वार्डवासी गिरकर हो चुके हैं चोटिल

## बवानी खेड़ा ढाणी में रास्ता हुआ कंडम छात्रों व वार्डवासियों को हो रही समस्या

- अधिकारियों को कई बार की जा चुकी है शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के ढाणी यादव राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के आगे गली में रास्ता कंडम हो चुका है। विद्यार्थियों, स्टाफ व वार्डवासियों को खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों में मंजीत, रामेहर, मूर्ति, शकुंतला आदि की मानें तो हनुमान मंदिर के साथ लगती गली जो झुकाव में है और इसकी संभाल न करने को लेकर बारिश के दिनों में इसका बुरा हाल हो जाता है। बवानी खेड़ा के ढाणी यादव राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के आगे गली रास्ता खराब होने के कारण दलदलनुमा स्थान बनने से गिरने का भय बना रहता है।

कई बार वार्डवासी गिरकर चोटिल हो चुके हैं। लोगों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए काफी बार विभाग को अवगत कराया है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

लोगों की मानें तो बारिश व सीवरेज के पानी के कारण समस्या चरमराई हुई है। जहां एक तरफ आने जाने का रास्ता नहीं होता वहीं पानी निकासी न होने के कारण ये पानी मकानों की नींव में बैठ रहा है जिससे उनके जीवन भर की संपति भी नष्ट हो रही है। वार्डवासियों ने प्रशासन से इसकी सुध लेने की बात कही।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के ढाणी यादव राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के आगे गली का कंडम रास्ता। फोटो:हरिभूमि

### प्रशासन से स्वच्छ जल सप्लाई की लगाई गुहार

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बवानी खेड़ा के ढुंढ़वा जोहड़ के सामने स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। विद्यालय में गंदे पानी की सप्लाई से जहां स्टाफ व विद्यार्थी परेशान हैं वहीं सभी को पीने का पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। स्टाफ ने बताया कि 1 जुलाई से विद्यालय खुलने पश्चात से ही नलों में गंदे पानी की सप्लाई आ रही है जिसके कारण वे इसकी बदबू से परेशान हैं तो वहीं उन्हें बाहर से खरीदकर पीने का पानी लाना पड़ रहा है। विद्यालय मुखिया विमल कुमार ने बताया कि इस समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन के अधिकारी को अवगत कराया गया है लेकिन इस समस्या का कब समाधान होगा पता नहीं। इतने उन्हें बाहर से खरीदकर पानी से अपनी व बच्चों की प्यास बुझानी होगी। दूसरी तरफ इस बारे में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक ने बताया कि मौके का निरीक्षण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पंचायत पंचों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**बाढड़ा।** खण्ड बाढडा मे राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत शुक्रवार को कस्बे के गांव रामपुरा, सिरसली, रहड़ोदी, श्याम कला व सूरजगढ़ आदि गांवों की पंचायतों के निर्वाचित पंचों इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसका उद्देश्य पंचायतों के कार्य में पारदर्शिता लाने, जमीनी स्तर पर पंचायतों के विकास कार्यों का दृढ़ीकरण करना और पंचों की क्षमता संवर्धन करना था। जिसमें पंचायती राज एक्ट और ग्रामीण विकास की योजनाओं को सांझा किया गया। ट्रेनर नरेंद्र दलाल ने बताया बताया कि इस त्रि स्तरीय ढांचे में जिला स्तर पर जिला परिषद्, ब्लॉक समिति व पंचायत को मजबूती देना है।

### हर पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का शीघ्र लाभ

**चरखी दादरी।** डीसी मुनीश शर्मा ने कहा कि सरकार की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का हर नागरिक को अविलंब लाभ मिले। उन्होंने सचिवालय स्थित सभागार में विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्थापित किए गए ई-दिशा केंद्र पर कार्यरत कर्मचारी कर्मठता से कार्य करते हुए आमजन को अविलंब सुविधाएं उपलब्ध करवाए। डीसी मुनीश ने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नागरिकों तक टोकन संख्या की जानकारी देने के उद्देश्य से लगाई गई स्क्रीन को चालू अवस्था में रखें ताकि विभिन्न कार्यों से आने वाले नागरिकों को अपनी बारी का स्क्रीन के माध्यम से पता चलता रहें।

### बैठक कर की हड़ताल की तैयारियों की समीक्षा

**बाढड़ा।** नौ जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को लेकर शुक्रवार को बाढडा के किसान भवन में सर्व कर्मचारी संघ व सीटू युनियन का राज्य स्तर की कमेटी का जोरदार स्वागत किया गया। जिनको सीटू व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के नेताओं ने संबोधित किया। बाढडा में शुक्रवार से हड़ताल की तैयारियों को लेकर राज्य स्तरीय जत्था आया हुआ है जिसे जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। जत्थे कि अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन जिला प्रधान हरपाल सिंह, सीटू जिला सचिव सुमेर सिंह धारणी ने कि संचालन सर्व कर्मचारी खंड सचिव प्रविंद्र भांडवा ने किया और सभा को संबोधित करते हुए सीटू राज्य उप अध्यक्ष कामरेड सुखबीर सिंह, सर्व कर्मचारी संघ राज्य कोषाध्यक्ष

### शहीदों के सम्मान में रक्तदादन शिवि आज

**भिवानी।** वैश्य कॉलेज की एनएसएस व अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन संयुक्त रूप से कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो धीरज त्रिखा के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी के संयोजन में आज 5 जुलाई शनिवार को प्रातः10:00 बजे महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में होगा यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो धीरज त्रिखा ने बताया कि रक्तदान शिविर के आयोजन में महाविद्यालय प्रबंधन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यो का सानिध्य रहेगा।

### पुरोहित सम्मेलन व व्याख्यान छह को

**भिवानी।** सांस्कृतिक मंच एवं सुखानंद फाउंडेशन द्वारा छह जुलाई को संस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत एक पुरोहित सम्मेलन एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से सांस्कृतिक सदन में होगा। संयोजक जयपाल शास्त्री और डॉ. जोगेंद्र कुमार ने बताया कि सम्मेलन में पुरोहितों को नामकरण एवं विवाह संस्कार के विषय पर महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल में वेद विभाग के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश मिश्रा व धीरज शास्त्री, अखिलेश मिश्र प्रस्तुति देंगे। सीबीएलयू की कुलपति दीप्ति धर्माणी, भागवत भूषण आचार्य सुरेश कौशिक व चितरंजन दयाल कौशल व रामदेव तायल इत्यादि भी उपस्थित होंगे।

## वेटरन संगठन ने जिला सचिवालय के सामने किया प्रदर्शन

# सीवरेज ब्लॉकेज व बरसाती पानी बना आफत, फूटा लोगों का गुस्सा

हर साल मानसून से पहले पानी निकासी पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है तय की जाए अधिकारी-कर्मचारियों की जवाबदेही



भिवानी। विरोध प्रदर्शन करते वेटरन संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।



भिवानी। पंडित नेकीराम शर्मा चौक के जीर्णोद्धार को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपने जाते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहर की विभिन्न कॉलोनियों में गहराई सीवरेज ब्लॉकेज व बरसाती पानी की निकासी की समस्या से परेशान नागरिकों को राहत देने की मांग को लेकर वेटरन संगठन व कांग्रेस का गुस्सा शुक्रवार को फूटा तथा संगठन के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में अन्य पूर्व सैनिकों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन कर जल्द से जल्द सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या व बरसाती पानी की समस्या के समाधान करने की गुहार लगाई। पूर्व सैनिकों ने आरोप लगाया कि मानसून से ठीक एक माह पहले तत्कालीन उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ कई बैठकें कर जवाबदेही तय की थी, लेकिन अब प्रशासनिक अधिकारी मौन बैठे हैं और जनता को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल ने कहा कि मानसून शुरू होने से एक माह पूर्व ही जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी थी, ताकि मानसून के मौसम में नागरिकों को सीवरेज ब्लॉकेज व बरसाती पानी की समस्या न हो, लेकिन प्रशासन की तैयारियां व दावे धरे के धरे रह गए है तथा मानसून शुरू होने से पहले ही आई बारिश ने प्रशासन के उन सभी दावों की पोल खोल दी। ग्रेवाल ने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के सरकार व प्रशासन के लाख दावों के बावजूद भी आज नागरिक सीवरेज, पेयजल आपूर्ति, सडक़ व बरसाती पानी की निकासी की सुविधा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, जिसके चलते नागरिक बार-बार धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन को चेताने का प्रयास भी करती है। इसके बावजूद भी शहर में इन समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। सांसद धर्मबीर सिंह व विधायक घनश्याम सर्राफ से सवाल किया कि पिछले 15 वर्षो में सीवरेज व पानी के लिए उन्होंने क्या कार्य किए। डीसी ने मानसून से पहले इन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे और उनकी जवाबदेही भी तय की थी। इस मौके पर पूर्व सैनिक कटारसिंह सांगवान, अधिवक्ता मुकेश ढ़ाणीमाहु, अधिवक्ता अजय हालुवासिया, भिवानी सेवादल प्रधान विरेंद्र सिवाच, कैप्टन शमशेर सिंह, महेंद्र मिताथल, जेपी कौशिक, कैप्टन ब्रह्मानंद आदि मौजूद रहे।

### पं. नेकीराम चौक के जीर्णोद्धार की मांग

**भिवानी।** पंडित नेकीराम शर्मा चौक के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर शुक्रवार को व्यापार मंडल के प्रधान जेपी कौशिक के नेतृत्व में शहर की विभिन्न संस्थाओं ने उपायुक्त साहिल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के प्रधान किशन कौशिक, आदर्श ब्राह्मण सभा के प्रधान सुभाष फौजी व परशुराम सेना के अध्यक्ष अरुण गौड़ मौजूद थे। ज्ञापन में कौशिक ने बताया कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा हरियाणा के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक रहे हैं, उनके नाम पर शहर में पंडित नेकीराम शर्मा चौक बना हुआ है, लेकिन पंडित नेकीराम शर्मा चौक की हालत पिछले दो माह से जर्जर बनी हुई है। चौक पर लगी पत्थर की ग्रिल टूटी हुई है और साफ सफाई का भी हाल बुरा है। इस बारे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासन को अवगत भी करवाया जा चुका है। इसके बावजूद सांसद, विधायक, नगर परिषद चेयरपर्सन इस चौक के सुधारीकरण की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे, जिसके चलते क्षेत्रवासियों में रोष है। पंडित नेकीराम शर्मा चौक का तत्काल प्रभाव से जीर्णोद्धार किया जाए, चौक पर स्थापित प्रतिमा की साफ-सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, चौक के आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाए, स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान के प्रति प्रशासन अपनी जिम्मेदारी समझे। ब्राह्मण सभा के प्रधान किशन कौशिक ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की प्रतिमा घंटाघर चौक पर लगाई गई थी, जिसमें घटिया माल लगाया गया है। ज्ञापन के माध्यम से उक्त मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

## नीट में सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित



ढिगावा मंडी। नीट में पास हुवे विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्कूल मैनेजमेंट टीम।

- ढिगाव मंडी के जीनियस स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढिगावा मंडी

दिल्ली पिलानी हाइवे पर जीनियस स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें स्कूल के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम नीट में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर राजेंद्र यादव, स्कूल के चेयरमेन अशोक शर्मा और स्कूल के प्राचार्य धन सिंह ने भविष्य के तीन डॉक्टरों को फूलमाला एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कूल के डायरेक्टर राजेंद्र यादव ने कहा कि यह सफलता न केवल इन विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है बल्कि पूरे ढिगावा मंडी क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी है। आज के ये युवा आने वाले कल के डॉक्टर जो शिक्षा नगरी ढिगावा मंडी को शिक्षा और विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। चेयरमेन अशोक शर्मा ने कहा इन विद्यार्थियों की सफलता के पीछे स्कूल के स्टाफ के कड़ी मेहनत लगन और अभिभावकों के सहयोग के बलबूते पर छात्रा ने बिना किसी कोचिंग के 12वीं कक्षा में पढ़ाई के साथ-साथ नीट परीक्षा पास करें न केवल क्वालीफाई किया बल्कि एक अच्छे कॉलेज में एडमिशन भी होगा। स्कूल के प्राचार्य धन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षा पुत्री राजकुमार, रिसिता पुत्री भारत सिंह और राहुल पुत्र बलवान सिंह ने नीट क्वालीफाई किया है उन विद्यार्थियों को आज स्कूल में सम्मानित किया है। इस मौके पर अभिभावक और स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### विजेता खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरुस्कार

चरखी दादरी। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि एक अप्रैल 2024 तथा इसके बाद की खेल उपलब्धियों के लिए राज्य के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता अथवा प्रतिभागी खिलाड़ी नकद पुरस्कार एवं छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि एक जुलाई 2024 तथा इसके बाद की खेल उपलब्धियों के लिए राज्य के पात्र खिलाड़ी खेल विभाग के पोर्टल आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करवा सकते है।

## खेल महाकुंभ में जिला स्तर पर द्वितीय सुहाना

- अब प्रदेश स्तरीय महाकुंभ में भिवानी का करेंगी प्रतिनिधित्व।



भिवानी। प्रतिभागी को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी में आयोजित खेलों के महाकुंभ में विद्यालय की सुहाना ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक और उपलब्धि हासिल की है। सुहाना अब राज्य स्तर के लिए भिवानी का प्रतिनिधित्व करेगी। सुहाना ने भिवानी में 2 से 4 जुलाई तक आयोजित स्टेडियम में हुए गेम्स में भाग लिया था और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। अब वे पंचकूला में 11 से 13 जुलाई तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय खेलों में भिवानी का प्रतिनिधित्व करेंगी। सुहाना की इस उपलब्धि में उनके खेल प्रशिक्षकों संजय भारद्वाज, अनिल शर्मा और राजेश सोनी का अथक प्रयास और मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है। इन प्रशिक्षकों ने सुहाना को निरंतर प्रशिक्षण और प्रोत्साहन प्रदान किया, जिससे वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकी।

ट्रस्टी अमन गर्ग, शैक्षणिक निर्देशिका दिव्या गर्ग, प्रशासक एसके. हलवासिया, विद्यालय की प्राचार्या सीमा मक्कड़ ने सुहाना को राज्य स्तरीय खेलों के लिए शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि हमें पूरी उम्मीद है कि सुहाना अपने प्रदर्शन से भिवानी का नाम रोशन करेगी, प्रशिक्षकों अनिल शर्मा, संजय भारद्वाज, राजेश सोनी को भी बधाई दी है और कहा है कि उनके प्रयासों से ही सुहाना इस मुकाम तक पहुंच सकी है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मियों को किया जागरूक

- कर्मचारी संगठनों ने 9 जुलाई को किया है हड़ताल का आह्वान।



बवानीखेड़ा। सर्व कर्मचारी सघं खंड बवानी खेड़ा की टीम ने बिजेन्द्र सांगवान खंड सचिव के नेतृत्व में 9 जुलाई 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को कामयाब बनाने के लिए जागरूक करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

सर्व कर्मचारी सघं खंड बवानी खेड़ा की टीम ने बिजेन्द्र सांगवान खंड सचिव के नेतृत्व में 9 जुलाई 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को कामयाब बनाने के लिए विभिन्न विभागों में जाकर कर्मचारियों को जागरूक किया। बिजेन्दू तालू, संदीप पुनिया, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के खंड प्रधान मा. राजबीर वर्मा ने पशुपालन विभाग, नगर पालिका, सामान्य अस्पताल, बैंक, बीमा, खाद्य एवं पूर्ति विभाग, परिवहन विभाग में पहुंचकर कर्मचारियों को इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि इस हड़ताल के मुख्य मुददे जिसमें 4 लेबर कोड निरस्त हो, पुरानी पेंशन बहाल हो, कच्चे कर्मचारी पक्के हों, कौशल रोजगार निगम भंग हो, स्थाइ भर्ती हो, सभी को फ्री शिक्षा व स्वास्थ्य लाभ की सेवाएं प्राप्त हो की मांग की। सभी कर्मचारियों ने इस हड़ताल को सफल बनाने का आश्वासन दिया।

## कावड़ यात्रा के दौरान चरखी दादरी में चप्पे-चप्पे पर तैनात होगी पुलिसः एसपी

- कावड़ यात्रा को लेकर एसपी ने अधिकारियों को दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



एसपी अर्श वर्मा।

कांवड़ यात्रा को लेकर दादरी पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने निर्देश। एसपी ने बताया कि कावड़ियों की सुरक्षा को लेकर जिले में पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील स्थानों, नाकों और शिविर स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। यात्रा मार्गों पर चलने वालों के लिए अलग लेन सुनिश्चित की गई और यातायात को कंट्रोल करने के लिए ट्रैफिक पुलिस, राइडर व पीसीआर को भी लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसपी ने बताया कि सभी थाना प्रबंधकों व पुलिस चौकी प्रभारियों को क्षेत्र में 24 घंटे गश्त करने और कावड़ियों की सुरक्षा के लिए सभी चौक-चौराहों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस तैनात की गई है। कांवड़ मार्गों पर आने वाले सभी होटलों व ढाबों में खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की दर सूची स्पष्ट स्थान पर प्रदर्शित की जाए। शिविरों को मुख्य सड़कों से दूर लगाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। कांवड़ियों और टोल कर्मचारियों के बीच किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए सभी टोल नाकों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कावड़ यात्रा के समय कुछ कांवड़िए तेज आवाज में संगीत बजाने के लिए डीजे का उपयोग करते हैं, तेज आवाज में संगीत बजाने से अन्य कांवड़ियों तथा आमजन को परेशानी होती है। कांवड़िए वाहनों में डीजे या तेज आवाज में संगीत बजाते हैं, वे सभी ध्वनि के स्तर को ध्यान में रखकर ही बजाए। कावड़ यात्रा में कांवड़ियों को एलपीजी सिलेंडर, धारदार हथियार, आग्नेयास्त्र ले जाने की अनुमति नहीं हैं, कोई भी यात्री अपने साथ हथियार न लेकर जाए।

## साहिल ने स्वर्ण व शिवम ने जीता रजत पदक

- बीपीएस स्कूल के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में जीते मेडल



भिवानी। विद्यालय निदेशिका आशा पाहुजा के साथ पदक विजेता विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अनेक मेडल जीते हैं। कक्षा सातवीं की छात्रा खुशी ने हरियाणा स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर शॉटपुट में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

वहीं आठवीं कक्षा के शिवम् ने तैराकी प्रतियोगिता में रजत एवं जयंत ने तैराकी में ही कांस्य पदक जीता। छात्रा कायरा ने बैडमिंटन में जिला स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर राज्यस्तर पर अपना स्थान अंकित करवाया है।

#### अब खेल सुविधाएं होंगी और बेहतरः निदेशिका

छठी की छात्रा श्रीजन ने हिसार अकादमी द्वारा आयोजित लॉन टेनिस में कांस्य पदक हासिल किया है। विद्यालय निदेशिका आशा पाहुजा ने बच्चों की उपलब्धि पर बहुत गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि हमारे बच्चों ने अपनी मेहनत और लग्न से ये सफलता हासिल की है। स्कूल सचिव पुलकित पाहुजा ने बच्चों की उपलब्धियों पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल में खेल सुविधाओं को और भी बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहने की बात की।



भिवानी। जिम्नास्टिक खेल के लिए खिलाड़ियों की ट्रायल लेते हुए।

### जिम्नास्टिक में चयन के लिए ट्रायल आयोजित

**भिवानी।** खेल महाकुंभ हरियाणा 2025-26 का जिम्नास्टिक खेल का सिलैक्शन ट्रायल आज भीम स्टेडियम भिवानी के जिम्नास्टिक ग्राउंड पर संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 80 लड़के लड़कियों ने भाग लिया। इसमें लड़कों में चन्दन ने प्रथम आशीष ने द्वितीय विशाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और लड़कियों में तमन्ना ने प्रथम दृष्टि ने द्वितीय और कनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोच मनीष शर्मा ने बताया कि हरियाणा खेल महाकुंभ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 तारीख के बीच अंबाला में होगा , जिसमें भिवानी से जिम्नास्टिक खेल में 16 लड़के लड़कियां भाग लेंगे।

## 8वां वेतन आयोग का नहीं मिलना पेंशनर्स के हितों पर कुठाराघात

# मांगें नहीं मानी तो भारत बंद करेंगे रिटायर्ड कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते सेवानिवृत कर्मचारी।

हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में जमकर गरजे। प्रदेश व केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। हालांकि शुरु में प्रदर्शन की बजाए बैठक ही थी,लेकिन बाद में जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ। रिटायर्ड कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे प्रदेश के साथ साथ भारत बंद का भी ऐलान करेंगे। चूंकि केंद्र व प्रदेश सरकार ने उनके साथ विश्वासघात किया है। चुनाव से पहले उनके साथ अनेक वायदें किए थे,लेकिन अब सभी वायदों को भूला दिया गया,बल्कि उनको आठवें आयोग का लाभ से वंचित करने का प्रयास करके उनके हितों का कुठाराघात किया जा रहा है। रिटायर्ड कर्मचारी अब शांत नहीं बैठेंगे।

जिला स्तरीय बैठक जिला प्रधान बालमुकंद बापोड़ा की अध्यक्षता में नेहरू पार्क में आयोजित की गई। बैठक का संचालन महासचिव आरके चावला ने की। बैठक के दौरान दिव्यंगत आत्माओं के प्रति दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की तथा अहमदाबाद हवाई हादसे में मृतकों को भी श्रद्धांजली अर्पित की। बैठक में उपस्थित सभी पेंशनर्ज ने मांगे पूरी न होने के कारण अधिकारियों के अड़ियल रवैये के प्रति रोष जताया। उन्होंने कहा कि बार-बार अजेंडे देने के बावजूद भी अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे। केन्द्र में लोकसभा और राज्यसभा द्वारा पारित किए गए पैंशन वित्त विधेयक 2025 का पुर जोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर 2025 से पहले और 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को 8वें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलेगा, यह पेंशनर्ज के साथ कुठाराघात है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में फतेह सिंह श्योराण, रामेश्वर गोलागढ, राम निवास कौशिक, सुरेश नागपाल, राम अवतार शर्मा, कपूर सिंह ग्रेवाल, रविन्द्र शर्मा, रणबीर कोंटिया, जय भगवान शर्मा, कुलदीप आर्य, ओपी रंगा, जगदीश राय शर्मा, फूल सिंह, ओम प्रकाश रानीवाल, राम कुमार बादल, बहादुर सिंह, पूर्ण चन्द, रघुबीर बासिया, केके वर्मा, रणधीर आदि उपस्थित रहे।